## संपादकीय

# माल्या पर कामयाबी

ब्रिटेन सरकार द्वारा भारतीय कारोबारी विजय माल्या के प्रत्यर्पण को मंजूरी से आस जगी है कि देर-सवेर माल्या की भारत वापसी हो पायेगी। माल्या पर भारतीय बैंकों का करोड़ों रुपये कर्ज बाकी है। माल्या वर्ष 2016 से भारत से भागकर ब्रिटेन में रह रहे हैं। कुछ समय पहले ब्रिटेन की निचली अदालत ने माल्या के प्रत्यर्पण की अनुमति दे दी थी। तदुपरांत ब्रिटेन के गृहमंत्री ने विजय माल्या को भारत भेजे जाने के आदेश पर हस्ताक्षर किये। उल्लेखनीय है कि भारत व ब्रिटेन के मध्य 1992 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर हुए थे। माल्या पर भारत में धोखाधड़ी, गलतबयानी व मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। हालांकि, अभी भी माल्या के प्रत्यर्पण में कुछ समय लग सकता है। माल्या को ब्रिटिश सरकार के आदेश को चुनौती देने के लिये चौदह दिन का समय दिया गया है। माल्या हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। यदि उनकी अपील खारिज होती है तो वे इस निर्णय के खिलाफ ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। ऐसे में भारत के आग्रह पर ाउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस सुप्रीम कोर्ट से शीघ्र सुनवाई का आग्रह कर सकती है। फिर भी माल्या को भारत भेजे जाने की प्रि या में कुछ और समय लग सकता है।

बहरहाल, ब्रिटिश गृह मंत्रालय के फैसले से मोदी सरकार खासी उत्साहित है और इसे सरकार की कूटनीतिक कामयाबी बता रही है। इसके बावजूद उम्मीद जगी है कि यदि कूटनीतिक प्रयास तेज किये जायें तो आर्थिक अपराधियों व भगोड़ों को भारत लाने में कामयाबी हासिल की जा सकती है। भारत सरकार अन्य भगोड़ों के अलावा पीएनबी घोटाले के अभियुक्त ों नीरव मोदी व मेहुल चौकसी के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगी है। गयाना की नागरिकता लेने वाले मेहुल चौकसी ने पिछले दिनों भारत की नागरिकता छोड़ने की बात कही थी, मगर उसके बावजूद सरकार उसके प्रत्यर्पण के लिए कानूनी व कूटनीतिक प्रयास कर रही है। इससे पहले भारत सरकार कूटनीतिक प्रयासों से बहुचर्चित अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर खरीद मामले में कथित तौर पर बिचौलिये की भूमिका निभाने वाले क्रिश्चियन मिशेल को दुबई से भारत प्रत्यर्पित कराने में सफल हुई थी। भले ही इस कामयाबी के चुनावी साल में राजनीतिक निहितार्थ भी हैं, मगर फिर भी सरकार ने इसे अपनी बड़ी कामयाबी बताया। हालांकि, मोदी सरकार ने आर्थिक अपराधियों व भगोड़ों पर नकेल के लिए सख्त कानूनों का सहारा लिया है, मगर इस दिशा में चौकसी बरते जाने की जरूरत है कि हम सांप निकल जाने पर लाठी क्यों पीटते रहते हैं। इसके अलावा उन देशों के साथ प्रत्यर्पण संधि करने की जरूरत है जहां भारत के आर्थिक अपराधी शरण लेते हैं।

# प्रधानमंत्री जन धन खातों में कुल जमा जल्द ही 90,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार जा सकती है

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री जन धन खातोंमें कुल जमा जल्द ही 90,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार जा सकती है. सरकार ने वित्तीय समावेश वाली इस योजना के तहत दुर्घटना बीमा कवर को दोगुना करके 2 लाख रुपये कर दिया जिससे योजना और आकर्षक हो गई है. वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च 2017 से जन धन खातों में जमा में तेजी आई है. इन खातों में 30 जनवरी 2019 तक कुल




जमा बढ़कर 89,257.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गई. जमा में वृद्धि जारी है. 23 जनवरी को कुल जमा 88,566.92 करोड़ रुपये थी. सभी परिवारों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के उद्देश्य से केंद्र ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) शुरुआत की थी. योजना की सफलता से उत्साहित सरकार ने 28 अगस्त 2018 के बाद खोले गए नए खातों के लिए दुर्घटना बीमा कवर को एक लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दिया गया. ओवरड्राफ्ट की सीमा को दोगुना करके 10,000 रुपये कर दिया गया है. नए आंकड़ों के मुताबिक, प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 34.14 करोड़ खाते खोले गए हैं. इन खातों में औसत जमा बढ़कर 2,615 रुपये हो गई, जो कि 25 मार्च 2015 को 1,065 रुपये पर था. इन खातों में 53 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं, जिसमें से 59 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र से है. आंकड़ों के मुताबिक, 27.26 करोड़ खाताधारकों को दुर्घटना बीमा कवर के साथ रुपे डेबिट कार्ड जारी किए गए हैं.

# वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में लेना ही होगा खाना, खर्च करने पड़ेंगे इतने रुपये

नई दिल्ली। नई दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस या ट्रेन 18 में यात्रियों के लिए खाने-पीने का सामान उनके टिकट का हिस्सा होगा. यानी वह



इसे विकल्प की तौर पर 'चुन या हटा' नहीं सकते हैं, जैसा कि शताब्दी, राजधानी और दुरंतो एक्सप्रेस में होता है. अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. हालांकि इस सेमी हाई स्पीड ट्रेन से इलाहाबाद से वाराणसी की यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट बुक कराने के दौरान खाद्य पदार्थ चुनने या नहीं चुनने की सुविधा होगी. यह भोजन भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की ओर से मुहैया कराया जाएगा. कैटरिंग शुल्क उनके टिकट में शामिल नहीं होगा. बता दें कि यह ट्रेन अपनी पहली यात्रा 15 फरवरी को शुरू करेगी. सूत्रों ने बताया कि यात्री अगर टिकट बुक कराने के दौरान भोजन का विकल्प नहीं चुनते हैं, लेकिन वह यात्रा के दौरान खाद्य पदार्थ चाहते हैं तो उन्हें इसके लिए अतिरिक्त 50 रुपये देने होंगे.

# यामहा की इस अपकमिंग बाइक के लिए बुकिंग शुरू



नई दिल्ली। FZ V3.0 से साल की शुरुआत करने वाली यामाहा मोटर इंडिया कंपनी अपनी नई बाइक MT-15 को देश में लॉन्च करने के लिए तैयार है. Yamaha MT-15 पॉपुलर YZF-R15 का नेकेड वर्जन है और इसकी बिक्री 15 मार्च 2019 से की होगी. फिलहाल आधिकारिक लॉन्चिंग से पहले ही देशभर के चुनिंदा यामाहा डीलर्स ने इसके लिए बुकिंग लेनी शुरू कर दी है. हालांकि कंपनी ने अभी तक बुकिंग की घोषणा नहीं की है.

# भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस का नया चाईल्ड प्लान



नई दिल्ली। जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस ने नए चाईल्ड इंश्योरेंस प्लान, 'भारती एक्सा लाईफ शाईनिंग स्टार्स' लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने सोमवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि जो माता पिता को लाईफ कवर देता है और उनके बच्चों एवं परिवार को किसी भी वित्तीय समस्या से सुरक्षा प्रदान करता है। भारती एक्सा लाईफ शाईनिंग स्टार्स एक नॉन-भलक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग लिमिटेड पे एन्डोमेंट लाईफ इंश्योरेंस प्लान है, जो मैच्योरिटी पर निश्चित राशि का भुगतान करेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास सेठ ने कहा कि बच्चे की शिक्षा एवं कॅरियर प्लाभनग किसी भी माता-पिता की पहली जिम्मेदारी होती है और इसके लिए उन्हें विवेकपूर्ण वित्तीय प्रबंधन की जरूरत होती है। शिक्षा एवं बदलती जरूरतों के बढ़ते खर्च को पूरा करने के लिए केवल मासिक बचत पर्याप्त नहीं होती।इसलिए उनकी कंपनी ने भारती एक्सा लाईफ शाईनिंग स्टार्स के रूप में एक विकसित चाईल्ड प्लान का निर्माण किया है। इसमें बचत और सुरक्षा के दोहरे फायदे हैं, जो माता-पिता को अपने बच्चों की भविष्य की वित्तीय जरूरतों को सुरक्षित करने में मदद करता है। कॅरियर के विभिन्न चरणों में उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

# होंडा ने भारत में अपनी हैंचबैंक कार ब्रियो का उत्पादन बंद किया

नई दिल्ली। जापान की कार निर्माता होंडा ने भारत में अपनी हैचबैक कार ब्रियो का उत्पादन बंद कर दिया है। होंडा ने करीब 17 साल पहले इस मॉडल को भारतीय बाजार में उतारा था।होंडा की पूर्ण स्वामित्व वाली होंडा कार्स इंडिया की योजना अब कंपनी कॉम्पैक्ट सेडान अमेज की बिक्री को बढ़ाना है। अमेज अब भारतीय बाजार में कंपनी की सबसे कम कीमत की कार होगी। होंडा कार्स इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और निदेशक (बिक्री




और विपणन) राजेश गोयल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हमारी शुरुआती कीमत वाली कार अब अमेज है। हमने ब्रियो को उत्पादन बंद कर दिया है और फिलहाल भारत में ब्रियो का अगला संस्करण लाने की हमारी कोई योजना नहीं है। ग्राहक अब ज्यादा बड़े मॉडलों में दिलचस्पी दिखा रहे हैं और अन्य वैश्विक बाजारों में भी यह चलन देखने को मिल रहा है। गोयल ने कहा कि पिछले साल भारत में सेडान की बिक्री सर्वाधिक रही। यह हर देश में वाहन क्षेत्र में चलने वाला चक्र है और यह भारत में भी देखने को मिल रहा है। हालांकि यहां ज्यादा उन्नत मॉडल को अपनाने की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सैद्धांतिक रूप से भारत में ऐसा छह-सात साल पहले होना जाना चाहिए था।

# लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में तीसरी बार शामिल हुईं ये भारतीय तैराक

नई दिल्ली। लंबी दूरी की भारतीय तैराक मीनाक्षी पाहुजा ने तीसरी



बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराने की अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल कर ली है। 42 साल की मीनाक्षी पाहुजा ने लेक कोन्सटेंस को सफलतापूर्वक पार करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। मीनाक्षी पाहुजा ने जर्मनी के फ्रेडरिचशाफीन से स्विटजरलैंड के रोमनशार्न तक 11.6 किमी की दूरी को पांच घंटे 18 मिनट 23 सेकेंड में पूरी किया।

## आज का राशिफल

मेषः नौकरी अथवा व्यवसाय में आप रेकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल कर सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। विपरीत लिंगी से उचित दूरी बनाए रखें।

वृषभः आपका व्यवसाय ठीक चलेगा। सार्वजनिक जीवन में यश और कीर्ति मिलेगी। अपने वाणी पर थोड़ी लगाम लगाएं, नहीं तो आपके संबंधों में दरार पड़ सकती है।

मिथुनः कार्यालय में उच्च अधिकारी वर्ग के साथ संभलकर पेश आए। सहयोगियों के साथ विवाद हो सकता है। आपके जीवनसाथी का मन आज खिन्न रह सकता है।

कर्कः यह समय नौकरी और काम के लिए अच्छा है, अगर आप बेरोजगार हैं तो नौकरी मिलने या प्रमोशन होने की संभावना है। बेकार की यात्रा से बचें। प्रेम संबंधी मामलो में भी कुछ परेशानियां हो सकती हैं।

सिंहः आपका परा म बढ़ा रहेगा। अधिक से अधिक कार्य करने का जोश आप में रहेगा। प्रतियोगिता ओर शिक्षा क्षेत्र के लिए यह समय शुभ नहीं है। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है।

कन्याः आप अपने व्यवसाय अथवा नौकरी में कुछ अच्छा करेंगे। उन्नति की अच्छी संभावना बनी हुई है। जीवनसाथी के बीच मतभेद की आशंका है। आज का दिन आर्थिक मामलों के लिए अच्छा रहेगा।

तुलाः कार्यक्षेत्र में आपको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। थोड़े उतार-चढ़ाव के बाद आप सफल हो जाएंगे। पारिवारिक मामलों के लिए ये अच्छा समय है। लंबी यात्रा आपके लिए अच्छी रहेगी।

वृश्चिकः आज आपकी कार्यक्षमता बड़ी हुई रहेगी, जिसके कारण आप किसी भी प्रकार की परिस्तिथियों से निकलने में कामयाब होंगे। आज ोध पर नियंत्रण रखें अन्यथा पारिवारिक संबंधों को खराब कर देगा।

धनुः व्यापार में साझेदारी से झगड़े की आशंका है। घर में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता है। आज आप अधिक लाभ कमा पाएंगे।

मकरः आपका सामना कठिनाइयों से हो सकता है लेकिन सभी कठिनाईयों पर धीरे-धीरे पराजित कर डालेंगे। पारिवारिक जीवन का आनंद लेने के लिए जरूरी है कि जीवनसाथी की भावनाओं को महत्त्व दें और उनके साथ आदर से पेश आएं।

कुंभः आपकी ऊर्जा, करिश्मा, प्रभावशीलता शीर्ष स्तर पर बने हुए हैं। नए कार्य की योजना बनेगी और सफल होगी। कुछ सामाजिक या धार्मिक सेवा के कार्य भी किए जा सकते हैं।

मीनः आज बाजार में आपके लिए नई प्रतिस्पर्धा चुनौती के रूप में खड़ी हो सकती है। परिवार के लोगो के साथ कुछ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। उधार दिया रुपया कहीं अटका हुआ है तब उसके आज मिलने की संभावना है।

# पक्षियों को दाना डालना होता हैं शुभ



ईश्वर ने व्यक्ति को इस संसार का सबसे बुद्धिमान व्यक्ति बनाया हैं. ऐसे में इस संसार में व्यक्ति सबसे श्रेष्ठ माना जाता हैं और उसकी बुद्धि को सबसे सरल व सहज माना जाता है. ऐसे में पक्षियों की बात करें तो ऐसे बहुत से मुष्य हैं जो रोजाना पक्षियों को दाना देते हैं. यह बहुत ही अच्छी बात मानी जाती है और हर व्यक्ति को पक्षियों को दाना डालना चाहिए. कहते हैं जो लोग पक्षियों को दाना डालते हैं उनपर धन की देवी मां लक्ष्मी की कृपा हमेशा ही बनी रहती हैं और वह अमीर होते जाते हैं. वहीं जो लोग अपने घर की छत पर या फिर बालकनी में पक्षियों को दाना डालते हैं उन्हें कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए. जी हाँ, कई बार दाना डालने से भी नुकसान हो सकता हैं.जी हाँ, आप सभी को बता दें कि पक्षियों को दाना डालना शुभ होता हैं लेकिन उस वक्त कुछ गलतियां हो जाने से व्यक्ति को बहुत नुकसान झेलना पड़ सकता हैं और वह बड़े संकट में पड़ सकता है. कहते हैं दाना डालने पर चिड़ियों के साथ कबूतर भी आ जाते हैं और वही कबूतरों को बुध ग्रह का माना जाता हैं. कहते हैं यह पक्षी शांति का प्रतीक होते हैं. इसी के साथ कुछ लोग पक्षियों के लिए छत पर दाना डालते हैं और छत को राहू का प्रतीक माना जाता हैं. जी हाँ, जब भी कबूतर दाना खाने के लिए छत पर जाते हैं तो इस तरह से बुध और राहु का मेल हो जाता हैं जो घातक साबित हो सकता है.जी हाँ, दाना खाते वक्त कबूतर आस-पास की कई जगहों पर गंदा भी करते हैं और जिस बजह से राहु उस घर में रहने वाले व्यक्तियों की कुंडली पर हावी हो जाता हैं वही राहु के हावी होने से व्यक्ति के मान-सम्मान में कमी होने लगती है.

# क्रिकेटर ही नहीं, दूसरे खिलाड़ी भी कमाते हैं करोड़ों

नई दिल्ली। भारत में हम जब भी खेल में पैसों की बात करते हैं तो सबसे पहले क्रिकेटरों के नाम सामने आते हैं. धारणा है कि क्रिकेट में तो खूब पैसा है, लेकिन दूसरे खेलों में ऐसा नहीं है. लेकिन जब से



भारतीय खिलाड़ियों ने ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स जैसे बड़े इवेंट में मेडल जीतना शुरू किया है, तब से हालात बदलने लगे हैं. अब क्रिकेटरों के अलावा अन्य खिलाड़ियों ने भी करार के माध्यम से कमाना शुरू कर दिया है. ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु एक बड़े करार से जुड़ने वाली नवीनतम गैर-क्रिकेटर खिलाड़ी हैं. सिंधु ने हाल ही में चीनी स्पोर्ट्स ब्रांड ली निंग के साथ चार साल के लिए 50 करोड़ रुपए के करार पर हस्ताक्षर किया हैं. इससे पहले, जनवरी में किदांबी श्रीकांत को भी एक कंपनी ने चार साल के लिए 35 करोड़ रुपए की पेशकश की थी. यह पहली बार नहीं है कि सिंधु और श्रीकांत ने ली निंग के साथ करार किया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों बैडमिंटन खिलाड़ी सिंधु और श्रीकांत इससे पहले चीन की ब्रांड योनेक्स के साथ भी करार कर चुके हैं.

# टीम इंडिया के ये ऑलराउंडर तीसरे नंबर पर उतारे जाने से हैं हैरान




नई दिल्ली। भारत के आल राउंडर विजय शंकर ने कहा कि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतारा जाना उनके लिये हैरानी भरा था और ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड के पहले दौरे के बाद वह काफी सुधरे क्रिकेटर के तौर पर स्वदेश लौटेंगे. शंकर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से दो में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की. उन्होंने अंतिम मैच में 28 गेंद में 43 और सीरीज के पहले मैच में 23 रन बनाये. शंकर ने वनडे में पदार्पण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में किया था।

# टी 20 श्रृंखला में जीत एक अन्य नतीजे की तरह ही- केन विलियमसन



हैमिल्टन। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन आगामी विश्व कप को देखते हुए भारत पर टी20 श्रृंखला में मिली 2-1 की जीत को इतना अहम नहीं मानते और इसे एक अन्य नतीजे की तरह ही देखते हैं।विलियमसन ने कहा कि श्रृंखला में मिली जीत उनकी टीम के लिये आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी और उनका लक्ष्य एक इकाई के रूप में खेलना था। उन्होंने भारत पर मिली जीत के बाद कहा, हम इस श्रृंखला का नतीजा अपने हक में करना चाहते थे। हम एक बार में एक मैच पर ही ध्यान लगाये थे।

# लहसुन परांठा बनाने की विधि



यह रेसिपी को आसानी से बनाए जा सकती है। घर पर टेस्टी परांठे बनाकर इसका सभी खा सकते हैं। अक्सर सर्दियों मे सबसे अधिक बनाई जाने वाली रेसिपी है।

**सामग्री -**

150 ग्राम मैदा
3 चम्मच देसी घी
3 चम्मच दही
1 चम्मच लहसुन
स्वादानुसार नमक
पानी अवसक्तानुसार

विधि - सबसे पहले देसी घी, लहसुन दही और पानी को एक साथ मिला लें। मैदा का आटा और नमक अलग मिला लें। लहसुन और दही का तैयार किया गया मिश्रण आटे में डालकर गूंथ लें। इसके परांठे बेल लें और गैस चालू कर तवे पर परांठे सेक लें।


## शब्द सामर्थ्य-75

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू-75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 74 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |